यूपी जेम पोर्टल से खरीद में अव्वल

राज्य मुख्यालय। जेम पोर्टल के माध्यम से शासकीय खरीद में लगातार चौथे साल उत्तर प्रदेश देश में पहले नंबर पर आया है। राज्य में जेम पोर्टल पर अब तक 11985.72 करोड़ रुपये के सामानों की की खरीदारी की गई है। इस समय राज्य से इस पोर्टल पर 184901 विक्रेता पंजीकृत हैं, जिसमें से 61350 विक्रेता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों से है।

यह जानकारी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने दी है। उन्होंने शनिवार को कैसरबाग स्थित निर्यात प्रोत्साहन भवन में जेम पोर्टल से की जा रही खरीदारी की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान लम्बित भुगतान के प्रकारणों का संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि एमएसएमई इकाईयों के लम्बित भुगतानों का निस्तारण जल्द कराया जाए।